लोग हो रहे बर्बाद | बड़वारा थाना क्षेत्र के बसाड़ी गांव में सड़क किनारे कब्जा कर बेची जा रही अवैध शराब

# फॉरेस्ट की जमीन में शराब का अवैध कारोबार



**नवभारत कटनी।** जिले के बड़वारा थाना क्षेत्र में वन विभाग की बेशकीमती जमीन पर न सिर्फ अवैध कब्जा कर निर्माण किया गया है, बल्कि खुलेआम शराब का अवैध कारोबार भी धड़ल्ले से चलाया जा रहा है। इस सनसनीखेज मामले में एक भाजपा कार्यकर्ता का नाम सामने आने से हड़कंप मच गया है, जिससे स्थानीय ग्रामीणों में भारी आक्रोश और प्रशासन की कार्यप्रणाली पर सवालों के घेरे में हैं। जानकारी के अनुसार, कटनी-बरही मार्ग पर स्थित बसाड़ी और सुड्डी ग्राम के बीच, वन विकास निगम कुंडम परियोजना परिक्षेत्र बड़वारा के फॉरेस्ट के खसरा नंबर 360 पर अवैध रूप से कब्जा कर एक निर्माण कार्य किया गया है। ग्रामीणों से मिल जानकारी के अनुसार इस अवैध निर्माण में भाजपा कार्यकर्ता द्वारा बेखौफ तरीके से अवैध शराब बेची जा रही है। ग्रामीणों का कहना है कि फॉरेस्ट की इतनी बेशकीमती जमीन पर इस तरह का कब्जा और उस पर अवैध कारोबार का चलना वन विभाग की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवालिया निशान खड़ा करता है। यह दर्शाता है कि या तो वन विभाग के अधिकारी इस अवैध गतिविधि से अनजान हैं, या फिर वे इसे रोकने में नाकाम रहे हैं। ग्रामीण दीपक चौधरी के अनुसार, सड़क किनारे चल रही यह अवैध शराब बिक्री न सिर्फ सड़क दुर्घटनाओं का कारण बन रही है, बल्कि गांव के नौजवानों और बच्चों पर भी इसका बुरा असर पड़ रहा है, जिससे सामाजिक ताना-बाना बिगड़ रहा है। ग्राम पंचायत बसाडी के सरपंच विकास पाल ने बताया कि इस अवैध शराब बिक्री और कब्जे को लेकर कई बार कलेक्ट्रेट कार्यालय में शिकायतें की जा गई हैं। उन्होंने आबकारी विभाग, थाना प्रभारी और वन विभाग के अधिकारियों से लगातार कार्रवाई की मांग की है। हालांकि, इन शिकायतों के बावजूद अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाए जाने से ग्रामीणों में हताशा और निराशा का माहौल है।

वहीं इस मामले में बड़वारा वन परिक्षेत्र कुंडम परियोजना के रेंजर जुनैद खान का कहना है कि कब्जे की सूचना प्राप्त हुई है। मामले की जांच कर वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। वहीं डीएसपी उमराव सिंह का कहना है कि अवैध शराब बिक्री किए जाने की जानकारी मिली है। कार्रवाई की जाएगी।

# बारिश में दलदल बनेगी मिट्टी से समतल की गई सड़क

▸ एसडीएम ने सड़क को पहले जैसे बनाने के दिए थे निर्देश



**नवभारत कटनी।** मानसून सक्रिय होने के कुछ दिन पहले 12 जून से शुरू किए गए सीवेज कार्य से बारिश में होने वाली परेशानी के मद्देनजर एसडीएम प्रदीप मिश्रा ने 14 जून को रोक लगा दी थी। साथ ही सड़क को पहले की जैसे बनाए जाने के निर्देश दिए थे, लेकिन सड़क को अब तक पहले की तरह नहीं बनाई गई है। सड़क को मिट्टी डालकर समतल कर दिया गया है, जिसके कारण बारिश के पानी से मिट्टी से समतल की गई सड़क दलदल बन सकती है। सीवेज कार्य के कारण खोदी गई सड़क से अभी भी आवागमन बाधित है। मनमानी पर उतारू ठेकेदार सड़क को समतल तो कर दिया गया है, लेकिन मिट्टी के कारण वहां पर कीचड़ की स्थिति बन रही है। बरगवां ओवर ब्रिज के पास आधी सड़क से आवागमन हो रहा है, बेरीकेट लगाने से जाम की स्थिति भी बन रही। बतादें के 12 जून से नगर निगम द्वारा बरगवां ब्रिज से कटाएघाट मोड़ तक सीवेज लाइन कार्य शुरू कराया गया था, जिसके बाद 14 जून को एसडीएम प्रदीप कुमार मिश्रा ने आदेश जारी कर कार्य को तत्काल प्रभाव से बंद करने को कहा था। जिसके बाद कार्य तो बंद कर दिया गया, लेकिन सड़क पहले की तरह नहीं बनाया गया है।

## एक नजर में



### पेड़ से गिरकर घायल हुए युवक का ऑपरेशन सफल

**नवभारत, कटनी।** उमरिया जिले के इन्दवारा थाना क्षेत्र के बेलदी गांव निवासी सुनील विश्वकर्मा जामुन के पेड़ से गिरकर गंभीर रूप से घायल हुए युवक को इलाज के लिए एमजीएम अस्पताल में भर्ती कराया गया था। पेड़ से गिरने के कारण उसकी सिर की हड्डी टूटकर दिमाग में घुस गई और सिर, चेहरे की हड्डिया भी बुरी तरह टूट गई थी। जहां पर सुनील विश्वकर्मा का सफल ऑपरेशन किया गया। मरीज के सिर की न्यूरो सर्जरी डॉ सुशान्त शिवाजी पाटिल और हॉस्पिटल की टीम द्वारा 5 घंटे सर्जरी कर मरीज की जान बचाई और बाद में डॉ पुनीत दिखित, डॉ. मानसी गुप्ता हॉस्पिटल के मुख, जबड़ा सर्जरी विभाग की टीम द्वारा मरीज के जबड़े, चेहरे की सर्जरी की गई है। सर्जरी के बाद मरीज अब पूरी तरह स्वस्थ्य है। मरीज की सम्पूर्ण सर्जरी और इलाज आयुष्मान द्वारा निःशुल्क किया गया।

### आठ ट्रांसपोर्टरों की लीज निरस्त करने का नोटिस

**नवभारत, कटनी।** नगर निगम आयुक्त नीलेश दुबे ने ट्रांसपोर्ट नगर योजना के अंतर्गत डिमांड शुल्क की राशि जमा नहीं किए जाने पर 8 ठेकेदारों को लीज निरस्त करने का नोटिस जारी किया है। ट्रांसपोर्ट नगर योजना के अंतर्गत 8 पट्टेदारों द्वारा गो-डाउन निर्माण के लिए एबीपीएस पोर्टल में कंसलटेंट के माध्यम से ऑनलाइन भवन अनुज्ञा के आवेदन के बाद निर्धारित डिमांड राशि जमा नहीं किए जाने पर नगर निगम आयुक्त निगमायुक्त द्वारा नोटिस जारी कर सात दिन के अंदर डिमांड शुल्क जमा करने के लिए कहा था। डिमांड शुल्क जमा नहीं करने पर लीज निरस्त कर दी जाएगी। नोटिस जारी होने के बाद ट्रांसपोर्ट नगर योजना के अंतर्गत पट्टेदार दुबे रोड कैरियर के प्रोपराईटर राजेश कुमार दुबे द्वारा और शारदा ट्रांसपोर्ट कार्पोशन रमेश कुमार नीखर द्वारा डिमांड शुल्क की नगर निगम कोष में जमा कर दी गई है। ट्रांसपोर्टरों राशि जमा करने कहा गया है।

# फसल खराब कर रहे मवेशी, पशु बाजार बंद करने की मांग

▸ किसानों को हो रहा नुकसान कलेक्टर से शिकायत



**नवभारत ढीमरखेड़ा।** जिले के ढीमरखेड़ा क्षेत्र की अंतरवेद पंचायत के किसानों ने कलेक्टर के जनसंवाद कार्यक्रम में एक लिखित शिकायत पत्र देकर आवारा पशुओं के झुंडों से हो रहे फसल के नुकसान के संबंध में जानकारी दी थी कि साथ ही ग्राम अंतर्वेद गनयारी में लगाए जाने वाले पशु बाजार मेले को बंद कराने की मांग की थी, लेकिन अब तक किसानों की मांग पर कोई कार्रवाई नहीं की गई है।

किसानों का कहना है कि पशु बाजार मेले में बाहरी व्यापारी मवेशी लेकर अंतरवेद आते हैं और क्रय-विक्रय किया जाता है, हष्ट-पुष्ट पशुओं को बेचकर चले जाते हैं और कमजोर और छोटे गोवंश को छोड़कर चले जाते हैं। इन्हीं कारणों से क्षेत्र में मवेशियों की संख्या बढ़ गई है। जिसके कारण किसानों की फसल को मवेशी खा रहे हैं। साथ ही खेतों में मवेशियों के चलने से फसल भी खराब हो रही है। जिसके कारण किसानों को नुकसान हो रहा है। किसान चंद्रभान पटेल, ब्रंदावन पटेल, सीता राम पटेल, पूरन पटेल, सुरेंद्र बागरी, सुरेंद्र पटेल, शंकर पटेल, आकाश परौहा, शुशील पटेल, जमुना पटेल, श्याम पटेल, रवि पटेल, कुंज बिहारी पटेल, राममिलन पटेल, लक्ष्मी पटेल, अशोक बागरी सहित अन्य ग्रामीणों ने पशु बाजार बंद करने की मांग की है।

# बीमारी को जड़ से खत्म करती है होम्योपैथी चिकित्सा

▸ सैमुअल हैनिमैन की स्मृति में आयोजित किया गया कार्यक्रम



**नवभारत उमरियापान।** होम्योपैथ संगठन द्वारा डॉ सैमुअल हैनिमैन की स्मृति में विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन कर किया गया। कार्यक्रम के दौरान डॉ. हैनीमन के योगदान और होम्योपैथी चिकित्सा में उनके योगदान को याद करते हुए उपस्थितजनों ने एक निःशब्ध वंदन सभा आयोजित की। डॉ एमके सोनी ने होम्योपैथी चिकित्सा में नैदानिक सुधारों पर प्रकाश डाला। डॉ डीएस चंदेल ने सामाजिक स्वास्थ्य सेवा में होम्योपैथी की भूमिका पर चर्चा की। डॉ विद्या भूषण खरे और डॉ. केके मौर्य ने शिक्षा, प्रशिक्षण की चुनौतियों पर अपने विचार साझा किए। डॉ सचिन कुशवाहा और डॉ सोनाली कुशवाहा ने युवा चिकित्सकों के लिए प्रेरणादायक अनुभव प्रस्तुत किए। डॉ नर्गिस अंसारी ने महिला सशक्तिकरण व होम्योपैथी में लैंगिक दृष्टिकोण को रेखांकित किया। कार्यक्रम का समापन समन्वय समिति ने आभार व्यक्त किया।

कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य होम्योपैथ चिकित्सा को किसान, परिवार और समाज के स्वास्थ्य में योगदान को व्यापक स्तर पर उजागर करना था। डॉ हैनमैन के सिद्धांतों को नए सत्रों के चिकित्सकों के बीच प्रेरणा के रूप में प्रसारित करना था। डॉ एमके सोनी, डॉ डीएस चंदेल, डॉ विद्या भूषण खरे, डॉ केके मौर्य, डॉ. नर्गिस अंसारी, डॉ सचिन कुशवाहा, डॉ सोनाली कुशवाहा की उपस्थिति रही।

# पुलिया निर्माण से ग्रामीणों को नहीं लगाना पड़ेगा 18 किलोमीटर का चक्कर

▸ जिला पंचायत उपाध्यक्ष के प्रयासों से ग्रामीणों को मिलेगी सुविधा



**नवभारत कटनी।** जिला पंचायत उपाध्यक्ष अशोक विश्वकर्मा के प्रयासों से जनपद पंचायत कटनी के अंतर्गत आने वाले 20 गांव के लोगों की आवागमन की समस्या का समाधान हुआ है। जिले में आज भी कई ऐसे गांव ऐसे हैं, जहां लोगों को शहर तक पहुंचने में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। कुछ इसी तरह की परेशानी का सामना कटनी जनपद पंचायत के अंतर्गत आने वाले 20 गांव के लोगों को करना पड़ रहा था। 20 गांव के लोगों की हर दिन की समस्या को गंभीरता पूर्वक लेते हुए जिला पंचायत उपाध्यक्ष अशोक विश्वकर्मा ने बुधवार को अधिकारियों के साथ आवागमन के लिए नहर के ऊपर पुल निर्माण स्थल का निरीक्षण किया एवं जल्द पुल का कार्य कराए जाने के लिए कहा। नहर के ऊपर पुल निर्मित हो जाने से 20 गांव के लोगों को अब लगभग 18 किलोमीटर का चक्कर लगाने से मुक्ति मिल जाएगी। कटनी जनपद पंचायत के अंतर्गत ग्राम पंचायत केवलारी के ग्राम बिछिया से झलवारा स्टेशन मार्ग में नहर के ऊपर स्टाफ डैम के पास पुल निर्माण हो जाने से 20 गांव के लोगों को लाभ मिल जाएगा।

इसी बात को ध्यान में रखते हुए जिला पंचायत उपाध्यक्ष अशोक विश्वकर्मा, जनपद पंचायत कटनी सीईओ एवं एसडीओ के साथ स्थल निरीक्षण करने पहुंचे। अधिकारियों के साथ स्थल निरीक्षण करते हुए उन्होंने नहर के ऊपर अतिशीघ्र पुल बनाए जाने के लिए कहा। जिला पंचायत उपाध्यक्ष श्री विश्वकर्मा द्वारा पुल निर्माण की पहल किए जाने से 20 गांव के लोगों को आने-जाने में काफी सहूलियत हो जाएगी और अब उन्हें 18 किलोमीटर की दूरी का चक्कर नहीं लगाना पड़ेगा। स्थल निरीक्षण करते हुए अधिकारियों ने जल्द ही नहर के ऊपर पुल बनाकर आवागमन प्रारंभ कराने की बात कही।

# बजरंग दल मना रहा सेवा सप्ताह, सात तक होंगे कार्यक्रम

**नवभारत उमरियापान।** विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल प्रखंड उमरियापान में सेवा सप्ताह कार्यक्रम के तहत वृक्षारोपण, मंदिर की साफ़ सफाई और अस्पतालों में सेवा का कार्यक्रम किया जा रहा है। जिसमें आगामी एक सप्ताह तक होने वाले कार्यक्रमों की रूपरेखा तैयार की गई है। बजरंग दल प्रखंड के पदाधिकारियों ने बताया कि आगामी एक सप्ताह तक विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल सेवा सप्ताह के रूप में मनाया जाएगा। लोगों के बीच में जाकर सेवा के कार्य किए जाएंगे। सेवा सप्ताह के दौरान पौधारोपण किया जाएगा।

## कार्यालय कृषि उपज मण्डी समिति कटनी, जिला-कटनी (म. प्र.)

ई-मेल- apmckatni@gmail.com दूरभाष क्र.- 07622-240063

क्रमांक/मंडी/निर्माण/2025-26/782 — कटनी, दिनांक : 03/07/2025

### निविदा आमंत्रण सूचना

एतद् द्वारा सर्व संबंधितों को सूचित किया जाता है कि मंडी प्रांगण कटनी में स्थापित 01 नग 30 मिट्रिक टन क्षमता वाले इलेक्ट्रानिक धर्मकांटे को संचालन हेतु 03 (तीन) वर्ष की अवधि के लिये ठेके में दिया जाना है। ठेके की न्यूनतम निविदा राशि रू.50,000/- (पचास हजार रूपये) वार्षिक है। उक्त हेतु सीलबंद निविदायें दिनांक 25/07/2025 तक केवल स्पीड पोस्ट/रजिस्टर्ड डाक से समय 5:00 बजे सायंकाल तक आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र के साथ रूपये 50,000/- धरोहर राशि का डी.डी. जो सचिव कृषि उपज मंडी समिति कटनी के पक्ष में बना हो निविदा के साथ सीलबंद लिफाफे में प्रस्तुत करना आवश्यक होगा। निविदा धरोहर राशि की डी.डी. के बिना निविदा की स्वीकृति पर विचार नहीं किया जावेगा। इच्छुक व्यक्ति निविदा प्रपत्र दिनांक 21/07/2025 तक समय 05.00 बजे तक सायंकाल रूपये 1000/- (एक हजार रूपये निविदा प्रपत्र मूल्य) मंडी समिति के जमा कर प्राप्त कर सकते है। प्राप्त निविदायें दिनांक 28/07/2025 को 1:00 बजे दोपहर कार्यालय कृषि उपज मंडी समिति कटनी में गठित समिति के समक्ष खोले जावेगे। धरोहर राशि हेतु केवल डी.डी. मान्य होगी, एफ.डी.आर. मान्य नहीं होगी। शेष नियम/शर्तें मंडी समिति कटनी के कार्यालय में उपस्थित होकर कार्यालयीन समय में प्राप्त की जा सकती है।

(प्रदीप मिश्रा)
भारसाधक अधिकारी/एस.डी.एम.
कृषि उपज मंडी समिति कटनी

(के.के.नरगांवे)
सचिव
कृषि उपज मंडी समिति कटनी

# वैश्य हित और उनकी सुरक्षा सहित समस्याओं के समाधान पर की गई चर्चा

▸ आयोजित की गई वैश्य महासम्मेलन की बैठक




**नवभारत कटनी।** प्रदेश अध्यक्ष सुधीर अग्रवाल के निर्देश पर वैश्य महासम्मेलन की तीनों इकाइयों के सभी प्रदेश पदाधिकारी, संभाग पदाधिकारी जिला और तहसील पदाधिकारीयों की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में वैश्य महासम्मेलन के प्रदेश अध्यक्ष दयाशंकर कनकने, मुख्य अतिथि पदम खेमका प्रदेश महामंत्री, दयाल गुप्ता, बालमुकुन्द गुप्ता, सीमा जैन, जिला अध्यक्ष रजत जैन, रमेश गुप्ता, आशीष खेमका, श्रीमती जयंती खंताल, हितेष बिलैया, अशोक वर्मा, मुकेश अग्रवाल, मनीष त्रिसोलिया सहित सभी पदाधिकारी द्वारा त्रिदेवियों का पूजन ओर दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया।

बैठक में वैश्य गान महिला प्रकोष्ठ की श्रीमती नीता गुप्ता शालनी सोनी, सारिका गुप्ता, मोहनी बरसैंया, नीता बिचपुरिया, निधि जैन, आशा सुहाने द्वारा प्रस्तुत किया गया। मंचासीन अतिथियों का स्वागत युवा सदस्य द्वारा किया गया। अतिथियों के स्वागत के बाद मुख्य अतिथि पदम खेमका ने वैश्य हित उनकी सुरक्षा और समस्या के हल के लिए सारगर्भित उद्बबोधन दिया। इस क्रम में दयाशंकर कनकने बालमुकुंद गुप्ता मुकेश अग्रवाल, रजत जैन और संगठन के प्रदेश पदाधिकारियों, संभागीय प्रभारी अपने उदबोधन से प्रस्तुति दी। बैठक मे रमेश गुप्ता, कार्यकारी अध्यक्ष आशीष जैन, अशोक अग्रहरी, मोहनलाल सोनी, संजय गुप्ता, प्रमोद सोनी, नवीन गुप्ता, मनीष जैन, अनित बजाज, आकेत जैन, अभय गुप्ता, सलिल कनकने जिला प्रचार मंत्री कमलकांत गुप्ता जिला मंत्री नरेंद्र सुहाने की उपस्थिति रही।

## क्षेत्रीय कार्यालय, मध्यप्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, कटनी

### लोक सुनवाई की आम सूचना

सर्वसबंधितो को सूचित किया जाता है कि भारत सरकार पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय नई दिल्ली की पर्यावरण प्रभाव आंकलन अधिसूचना क्रमांक एस0ओ0 1533 दिनांक 14/09/2006 यथा संशोधित के प्रावधानों के अन्तर्गत **मेसर्स अशोक कुमार गोयंका, भगनवारा डोलोमाइट माइन, माइनिंग ऑफ मिनिरल्स खसरा नं. 90 पी, ग्राम- भगनवारा, तहसील-बडवारा, जिला-कटनी, लीज क्षेत्रफल 2.85 हेक्टेयर, उत्खनन क्षमता - 70,012 टन प्रतिवर्ष हेतु** पर्यावरण स्वीकृति के लिये भारत सरकार पर्यावरण एवं वन मंत्रालय नई दिल्ली द्वारा गठित राज्य स्तरीय विशेषज्ञ आंकलन समिति भोपाल से पर्यावरणीय स्वीकृति प्राप्त करने के अनुक्रम मे लोक सुनवाई कराने हेतु म.प्र. प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड भोपाल मे आवेदन प्रस्तुत किया गया है। उक्त परियोजना से संबंधित ई.आई.ए. रिपोर्ट एवं परियोजना का कार्यकारी सारांश हिन्दी व अग्रेंजी में साफ्ट कापी सहित का अवलोकन (1) कार्यालय कलेक्टर, कटनी (2) कार्यालय जिला पंचायत, कटनी, (3) कार्यालय जिला व्यापार एवं उघोग केन्द, कटनी (4) कार्यालय ग्राम पंचायत ग्राम भगनवारा, तहसील बडवारा, जिला कटनी (5) अतिरिक्त प्रधान मुख्य सरंक्षक, केन्द्रीय पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, केन्द्रीय पर्यावरण भवन लिंक रोड क्रमांक-3 राजयोग भवन के पास ई-5 अरेरा कालोनी भोपाल (6) मुख्यालय म.प्र.प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, ई-5 अरेरा कालोनी भोपाल एवं (7) क्षेत्रीय कार्यालय म.प्र.प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड एच.आई.जी.-4 हाउसिंग बोर्ड कालोनी विश्राम बाबा कटनी मे कार्यालयीन समय मे किया जा सकता है तथा इसे बोर्ड की बेवसाईड www.mppcb.nic.in पर भी देखा जा सकता है। जिस किसी व्यक्ति को उक्त खदान के पर्यावरणीय विषय के संबंध में कोई सुझाव, विचार, टीका टिप्पणी एवं आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो वह इस सूचना के जारी होने के दिनांक से 30 दिवस के अन्दर क्षेत्रीय अधिकारी म0प्र0 प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड कटनी (म0प्र0) के कार्यालय मे मौखिक अथवा लिखित रूप से कार्यालयीन समय मे प्रस्तुत की जा सकती है। **इस परियोजना के लिए लोक सुनवाई दिनांक 21/08/2025 दिन गुरूवार को प्रातः 10:30 बजे मेसर्स अशोक कुमार गोयंका, भगनवारा डोलोमाइट माइन, माइनिंग ऑफ मिनिरल्स ग्राम-भगनवारा, तहसील-बडवारा, जिला-कटनी,** के परियोजना स्थल के परिसर में आयोजित की जायेगी जिसमे भी सुझाव, विचार, टीका/टिप्पणी एवं आपत्ति दर्ज कराई जा सकती है।

क्षेत्रीय अधिकारी

प्रदर्शनी | शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय में जिला स्तरीय इंस्पायर अवार्ड मानक प्रदर्शनी का किया गया आयोजन

# इंस्पायर अवार्ड मॉडल से छात्रों में विकसित होगी वैज्ञानिक सोच और तर्कशक्ति



**नवभारत कटनी।** शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय माधवनगर में बुधवार से दो दिवसीय जिला स्तरीय इंस्पायर अवार्ड मानक प्रदर्शनी का आयोजन किया गया है। जिसमें छात्रों ने विज्ञान और प्रौद्योगिकी में नवाचार और रचनात्मकता को प्रदर्शित करते हुए अपनी सृजनशीलता से निर्मित मॉडलों का जीवंत प्रदर्शन किया। प्रदर्शनी का शुभारंभ अपर कलेक्टर साधना परस्ते और शहडोल सांसद प्रतिनिधि पद्मेश गौतम की मौजूदगी में हुआ। अपर कलेक्टर ने प्रदर्शनी में प्रदर्शित मॉडल और छात्रों की रचनात्मकता की सराहना की। प्रदर्शनी में मॉडल इंप्रूव्ड वैशाखी, उर्वरक यंत्र, पोर्टेबल राइटिंग डेस्क, जाला साफ करने वाली मोटराइज्ड झाडू आर्कषण का केंद्र रहे। यहां मौजूद सभी अतिथियों ने प्रदर्शनी में प्रदर्शित किए गए विज्ञान मॉडल को देखा और सराहना की। सहायक संचालक राजेश अग्रहरी ने बताया कि इंस्पायर अवार्ड के तहत जिले के 834 छात्रों ने ऑनलाईन पोर्टल पर अपना आईडिया अपलोड किया था। जिसमें वर्ष 2023-24 के लिए 36 विद्यार्थियों ने और वर्ष 2024-25 के लिए 34 विद्यार्थियों ने आइडिया अपलोड किया था। इस प्रकार दोनों वर्षों को मिलाकर जिले के 70 छात्रों के विज्ञान मॉडल के आइडिया को चयनित किया गया। इन सभी चयनित छात्रों को प्रत्येक को 10 हजार रूपए की प्रोत्साहन राशि दी गई है। इंस्पायर अवार्ड का उद्देश्य विज्ञान और प्रौद्योगिकी के प्रति छात्रों में रुचि और जिज्ञासा को बढ़ावा देना, नवाचार और रचनात्मकता के माध्यम से समस्याओं का समाधान करने के लिए प्रोत्साहित करना, वैज्ञानिक सोच और तर्कशक्ति को विकसित करना है। इंस्पायर अवार्ड के लिए 10 से 15 वर्ष की आयु के कक्षा 6 से 10 तक के छात्र पात्र साथ ही छात्रों के पास एक मौलिक और नवाचारी विचार होना चाहिए। प्रदर्शनी के शुभारंभ के दौरान जिला शिक्षा जिला शिक्षा अधिकारी पीपी सिंह, अभय जैन एडीपीसी, राजेश अग्रहरी सहायक संचालक, राकेश बारी सहित अन्य की उपस्थिति रही।




धर्मलोक हॉस्पिटल
A unit of Dharmlok Hospital Pvt. Ltd.
AN ISO 9001 : 2015 CERTIFIED
दूरबीन से पित्त की पथरी की सर्जरी, दूरबीन से अपेंडिक्स सर्जरी, दूरबीन से ओपन पेट की सर्जरी, उन्नत तकनीक (स्टेपलर/लेटर) के फिस्टुला सर्जरी, स्तन सर्जरी, किडनी/प्रोस्टेट/मूत्रालशय सर्जरी, मधुमेह पैर की देखभाल/सर्जरी, तीव्र और जीर्ण घाव प्रबंधन।
डॉ. राजेश बत्रा
एम.एस., एफ.एम.ए.एस., एफ.आई.ए.जी.ई.एस., एफ.ए.आई.एस.
जनरल और लैप्रोस्कोपिक सर्जन
सामान्य एवं सिजेरियन डिलीवरी, अंडेदानी की गठान, उच्च जोखिम वाली गर्भावस्था, निःसंतानता, बच्चेदानी निकालना, सफेद पानी का इलाज, गर्भवती महिलाओं की सोनोग्राफी, बार-बार गर्भपात होना, पॉलिसिस्टिक ओवेरियन डिजीज/सिंड्रोम।
आयुष्मान कार्डधारी मरीजों का एवं हेल्थ इंश्योरेंस कार्ड धारी मरीजों का निःशुल्क इलाज किया जाता है।
डॉ. हर्षा बत्रा
एमडी (ओबीजी)
सोनोग्राफी डिप्लोमा
स्त्री, प्रसूति एवं बांझपन विशेषज्ञ
-ओपीडी-
सुबह 11:00 बजे से सायं 5:00 बजे तक
पता-आदर्श कालोनी रोड, कटनी (म.प्र.)
Ph. 07622-422390, 796084 Help line 24x7: 8305402024

17 वर्ष का चिकित्सकीय अनुभव
आज की जरूरत है होम्योपैथिक चिकित्सा
हो जाएं जब सब जगह से निराश Cure Zone जगाए आस
www.curezon.com
क्या आप ऐलोपैथिक, आयुर्वेदिक और होम्योपैथिक चिकित्सा पद्धति के द्वारा इलाज से उचित लाभ नहीं ले पा रहे हैं? तो आज ही अपनी विभिन्न शारीरिक एवं मानसिक परेशानियों के लिए संपर्क करे।

Dr.V.B.Khare
क्योर जोन
होम्योपैथिक क्लीनिक एवं मनोवैज्ञानिक परामर्श केन्द्र
डॉ. व्ही. बी. खरे
M.A.Psych., B.Sc. B.H.M.S.,C.C.H., P.G.D.P.C., D.N.Y.S.
(होम्योपैथिक विशेषज्ञ एवं मनोवैज्ञानिक सलाहकार)
डॉ. अनुभा खरे
B.H.M.S.,D.N.Y.S., C.C.H
(होम्योपैथिक एवं सौंदर्य विशेषज्ञ)
चर्मरोग, वात रोग, बार-बार पथरी होना, किडनी के रोग, माइग्रेन, बालो का झड़ना, बच्चों के रोग, महिलाओं के रोग, यौन रोग, लकवा, मोटापा, थाइराइड प्राब्लम, PCOD, किसी भी प्रकार की गॉठ, बवासीर एवं सभी प्रकार की शारीरिक एवं मानसिक आघात की चिकित्सा व मानसिक रोग, डिप्रेशन, तनाव आदि के उपचार के लिए संपर्क करें।
मोहन टॉकीज के पीछे, शुभ श्री टेलर के सामने, फर्स्ट फ्लोर, कटनी (म.प्र.)
फोन- 9406540935, 7067230030, 07622-408111